## फरीदाबाद में डकैती के चार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा एवीटीएस ने गांव करनेरा में हुई डकैती के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान वैगनार गाड़ी, ऑटो, दो तोला सोने की चेन और 37 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि तीन जनवरी को गांव करनेरा में हुई डकैती के मामले में गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में संदीप उर्फ सोनू, राहुल उर्फ शेरू, बबलू सोलंकी और आकाश शामिल हैं। इनमें से राहुल उर्फ शेरू को निशानदेही के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था। बाकी तीन आरोपियों को चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों से डकैती में इस्तेमाल की गई वैगनार गाड़ी और ऑटो के अलावा लूट का माल बरामद किया। पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर नीमका जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सर्दी में डा. शैलेश जैन ने हृदय रोगों से बचाव को किया जागरूक

फरीदाबाद। यूनिवर्सल अस्पताल की ओर से हृदय रोगों से बचाव के लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अस्पताल के अध्यक्ष और हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश जैन ने हृदय रोगों के कारण व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम हृदय रोगियों के लिए अधिक जोखिम भरा रहता है। जो लोग रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित में हैं। उन लोगों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवन शैली के चलते आजकल युवा भी हृदय रोग की चपेट में आ रहे हैं? रहन-सहन और खानपान में बदलाव लाकर के हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम में कई लोगों ने प्रश्न भी किए। इसका हृदय रोग विशेषज्ञ ने उत्तर दिया। वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डा. रीति अग्रवाल ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए दो रीति अग्रवाल ने कहा कि सही खान-पान से स्वस्थ रह जा सकता है।

## राहुल और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में दलितों और कमजोर वर्गों का होगा भला : नवजोत सिंह सिद्धू

पंजाब। पंजाब कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को देश की सेवा करने का मौका मिलता है, तो यह सुनिश्चित होगा कि दलितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों को कोई भी ताकत नहीं कुचल सकेगी। सिद्धू ने यह भी कहा कि गांधी परिवार के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों को मजबूत किया जाएगा।दरअसल, सिद्धू का मानना है कि राहुल और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में दलितों को उनकी पूरी मान्यता और अधिकार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस नेतृत्व के तहत कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया जाएगा जो दलितों और गरीबों के खिलाफ हो। अगर गांधी परिवार देश का नेतृत्व करेगा, तो दलितों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि राहुल और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों को पूरी तरह से बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस परिवार के नेतृत्व में गरीबों और कमजोर वर्गों को अधिक अवसर मिलेंगे और उनका उत्थान होगा। सिद्धू ने यह भी कहा कि गांधी परिवार ऐसे कदम उठाएगा जिससे समाज के हर वर्ग का भला हो।सिद्धू ने अपने बयान में यह भी कहा कि यदि गांधी परिवार के नेतृत्व में यह बदलाव होता है, तो देश में एक सकारात्मक दिशा में बदलाव आएगा, जिससे समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को लाभ होगा।

## बीएसएफ द्वारा फिरोजपुर सीमा से बीएसएफ द्वारा फिरोजपुर सीमा से हेरोइन और ग्लॉक पिस्तौल बरामदहेरोइन और ग्लॉक पिस्तौल बरामद

फिरोजपुर। रविवार को एक बड़ी सफलता मिली, जब बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा फिरोजपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के पास एक संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी के बारे में दी गई खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ ने पहचाने गए स्थान पर एक गहन तलाशी अभियान चलाया।सुबह करीब 09ः00 बजे तलाशी अभियान के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने फिरोजपुर जिले के टेंडी वाला गांव के पास एक खेत से दो पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किए। एक पैकेट में मैगजीन के साथ एक ग्लॉक पिस्तौल थी, जबकि दूसरे में संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन - 548 ग्राम) थी। पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे और लोहे के हुक से जुड़े दोनों पैकेट ड्रोन गिराए जाने की संभावना के संकेत हैं।ये बरामदगी सीमा पार तस्करी के संचालन से निपटने के लिए बीएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हेरोइन या हथियारों की खेप ले जाने वाले पाकिस्तानी ड्रोन को रोककर, बीएसएफ तस्करों के हताश प्रयासों को विफल करने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने का काम जारी रखता है।

## ड्रग वेयरहाउस में हर समय 12 से 15 करोड़ रुपये की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी: मंत्री

सुनाम उधम सिंह वाला। लोहड़ी के पावन अवसर पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने सुनाम निवासियों को एक और महत्वपूर्ण तोहफा दिया है। सिविल अस्पताल सुनाम में लगभग 3.68 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले जोनल ड्रग वेयरहाउस का नींव पत्थर रखते हुए कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि इस वेयरहाउस के बनने से न केवल दवाइयों की कमी दूर होगी बल्कि दवाइयों की कमी भी दूर होगी। संगरूर ही नहीं बल्कि आस-पास के कई जिलों में भी। हमेशा के लिए हटा दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा स्टोर होगा, जहां 12 से 15 करोड़ रुपये की सभी प्रकार की दवाइयां हर समय उपलब्ध रहेंगी और जिलों की आवश्यकता के अनुसार यहां से इन दवाओं की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पंजाब का चौथा जोनल ड्रग वेयरहाउस है जो स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी क्रांति लाने का जरिया साबित होगा। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार सार्वजनिक हितों को प्राथमिकता देते हुए राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में परियोजनाएं बना रही है।उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों की कमी के कारण लोगों को निजी केमिस्ट की दुकानों से महंगे दामों पर दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं और इस जोनल ड्रग वेयरहाउस के निर्माण से ऐसी समस्याओं से हमेशा के लिए छुटकारा मिलेगा और लोगों को दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत: डॉ. जयप्रकाश

सिरसा।जेसीडी विद्यापीठ स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जय प्रकाश ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. जय प्रकाश ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मनिर्भरता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र प्रेम का संदेश देता है। उनके विचार न केवल युवाओं को मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि एक मजबूत और सशक्त भारत के

### हरियाणा के सीएम सैनी ने ग्रामीण युवाओं के लिए 250 जिम का किया उद्घाटन

# विवेकानंद जी ने भारत में पुनर्जागरण का बिगुल फूंका था:सीएम

चंडीगढ़। ब्यूरो

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती को राज्य के युवाओं को समर्पित किया और उनके उत्थान के लिए कई पहलों की घोषणा की।

ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 250 व्यायामशालाओं का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त उपकरण देने तथा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में अंतर युवा क्लब खेलों को शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोलने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को विभिन्न देशों की भाषाओं में पारंगत बनाने के लिए विशेष नीति बनाने तथा संबंधित एजेंसी से इनका प्रमाणीकरण कराने का खर्च वहन करने की



भी घोषणा की। मुख्यमंत्री सैनी आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय 'युवा दिवस' समारोह में युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए मशहूर गायक नवीन पुनिया द्वारा गाया गया गीत जारी किया। उन्होंने आईटीआई प्रशिक्षुओं को नौकरी के ऑफर लेटर भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं और एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं से राज्य से नशे की सामाजिक बुराई को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने भारत में पुनर्जागरण का बिगुल फूंका था। उन्होंने देशवासियों में स्वाभिमान, गौरव और आध्यात्मिक जागृति की अलख जगाई।उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद को कुश्ती का भी शौक था। उन्हें पढ़ने का शौक था और वे इतने ध्यान और एकाग्रता से पढ़ते थे कि एक बार जो किताब पढ़ लेते थे, उसे कभी नहीं भूलते थे। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के बचपन से लेकर रामकृष्ण परमहंस आश्रम में आगमन और विश्व धर्म संसद में दिए गए उनके प्रभावशाली भाषण का विस्तार से उल्लेख किया और कहा कि हमारे संविधान और संस्थाओं के भविष्य की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। भविष्य में आपको संविधान की मूल भावना के अनुरूप देश चलाना है।

युवाओं के हित में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार का तीसरा कार्यकाल है। पिछले दो कार्यकालों के 10 वर्षों में हमने युवाओं को हर प्रकार की सुविधाएं देने का पूरा प्रयास किया है। हम आपको 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर रहे हैं। युवाओं को हुनर ??सिखाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। देश का पहला श्री विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय भी प्रदेश में खोला गया है। उन्होंने कहा कि पहले एचसीएस जैसी नौकरियां सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के रिश्तेदारों को दी जाती थीं, जबकि हमारी सरकार ने योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी दी है। कई गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली युवाओं को एचसीएस की नौकरी मिली है।

## हरियाणा के कृषि मंत्री ने डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में ट्रांसफर किए 184 करोड़ रुपये

चंडीगढ़। ब्यूरो

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए 184 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें फसल अवशेष प्रबंधन उपकरणों के लिए 10,393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये की सब्सिडी और 62 करोड़ रुपये का बोनस शामिल है।

इस अवसर पर श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) न केवल किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊपर उठाएगा। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम के कारण प्रभावित कृषि एवं बागवानी फसलों के लिए



2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने का निर्णय लिया गया है।इस संबंध में 62 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई।

इस योजना के तहत अब तक 8.18 लाख किसानों के खातों में 860 करोड़ रुपये की बोनस राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है।फसल अवशेष प्रबंधन उपकरणों पर सब्सिडी के बारे में कृषि मंत्री ने कहा कि 10,393 मशीनों के लिए 122 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान तथा उन्नत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## होमगार्ड जवानों की मांगों को गंभीरता से लेकर पूरा करे सरकार: तंवर

सिरसा। ऑल इंडिया होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल तंवर ने कहा कि प्रदेशभर में अकारण हटाए गए जवानों की वापसी व कुछ अन्य मांगों को लेकर जिला अनुसार ज्ञापन दिए जा रहे है। हरियाणा के होमगार्ड जवानों को कर्मचारी का दर्जा दिलाने को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह दहिया के दिशा-निर्देशन में लगातार ज्ञापन देने का सिलसिला जारी है। प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल तंवर ने कहा कि जिला गुरुग्राम, रेवाड़ी, पलवल और नारनौल के उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे गए हैं। ज्ञापन के माध्यम से होमगार्ड जवानों को जल्दी राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, ताकि 365 दिन रोजगार मिलता रहे, हटाए हुए जवानों के वापसी, साथ में वेतन आयोग का लाभ पूर्ण जवानों को मिले, 7वें वेतन आयोग का एरियर गृहरक्षी जवानों को जल्दी मिले, ईपीएफ का लाभ, 58 साल के बाद 20 से 30 लाख की मांग, वर्दी-जूते व अन्य सामान का पैसा जवानों के खाते में डाला जाए, रोस्टर प्रणाली की खामियों को ठीक करने, सभी जवानों को एक समान ड्यूटी मिले, लॉ एंड ऑर्डर में जवानों की ड्यूटी बढ़ाने, हरियाणा के विभिन्न अस्पतालों, सरकारी दफ्तर, फॉरेस्ट विभाग में जवानों को ड्यूटी दी जाए, होमगार्ड के जवानों का बस किराया माफ किया जाए, कॉल आउट और कॉल ऑफ दोनों जवानों को मेडिकल की सुविधा दी जाए।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लिए एक सशक्त प्रयास : डीसी

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं।डीसी ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति/टपरीवास जाति के



लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपए अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51,000 रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी महिलाओं (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की शादी के लिए भी 41,000 रुपए की सहायता राशि दी जाती है।

इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 रुपए अनुदान राशि दी जाएगी।

अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। अ I व ` द क ह्यद्धह्वस्रद्व.द्धस्रद्वह्यद्धद्व.द्दश1.द्धठ्ठ पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते है।

## वंचित-शोषित वर्ग के विकास से ही चहुंमुखी विकास की परिकल्पना सार्थक होगी : वीरेंद्र

फरीदाबाद। वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन 'जागो हिंदुस्तानी' समारोह संपन्न हुआ।

जिसमें बतौर मुख्य वक्ता वीरेंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि फाउंडेशन के सेवा कार्य संबंधित तमाम गतिविधियां समाज के प्रति समर्पण भाव को अभिव्यक्त करती हैं। संगठन प्रभारी वीरेंद्र ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति विश्व कुटुंब भाव वाली रही है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत् वाली सोच के साथ हम सभी के भले के लिए कार्यरत रहते हैं।

अंतोदय के विकास के लिए समर्पित हैं क्योंकि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उद्धार के बिना विकास के कोई मायने नहीं है। उन्होंने कहा कि वंचित, शोषित वर्ग की चिंता करना उनके भले की सोचना एक सभ्य समाज के लिए आवश्यक है। सभी को साथ लेकर चलने से ही चहुंमुखी विकास के साथ राम राज्य की परिकल्पना सार्थक होगी।

सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में वनवासी रक्षा परिवार फरीदाबाद पूर्व द्वारा आयोजित संस्कार परिवार स्नेह मिलन 'जागो हिंदुस्तानी' कार्यक्रम में विकास केंद्र में अध्ययनरत बच्चों ने देश भक्ति एवं भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि घर-घर अलख जगाना है

वनवासियों को गले लगाना हैं के ध्येय को धारण कर वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन वंचितों को जागरूक कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने में प्रयासरत है।

उद्योगपति एवं समाजसेवी एम.पी.रूंगटा ने समारोह का समीक्षात्मक विवरण देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि संसाधन सभी के लिए है इसलिए हम सभी को जिम्मेदारी के साथ इसमें सहयोग करना चाहिये। आर.सी चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और मंच संचालन योगेन्द्र ने किया।

इस अवसर पर संजय गुप्ता, एस.पी.अग्रवाल, एम.पी. रूंगटा, रमेश गुप्ता, जय किशन गुप्ता, प्रेम चन्द गोयल, संजय लोढ़ा, शंकर खंडेलवाल, राकेश बंसल, सतीश कुमार बंसल, पवनअग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुनील अग्रवाल, सतीश चंदीला, जे.एन.झा, योगेश गुप्ता, बलराज गोयल, अनिल मित्तल, सी.एम.गर्ग, सोनू शर्मा, प्रेम प्रकाश पसरीचा, सुरेन्द्र कपूर, प्रो.अनिल जनरेटर, आर.सी.खंडेलवाल, सुरेश कुमार मित्तल, वी.पी.सिंह, एस.के.अग्रवाल, अनिल दुआ, सुरेश चन्द गर्ग, अशोक गोगिया, देव प्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, नरेश तलवार, श्याम सुन्दर कौशिक, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी.शर्मा,धर्मेंद्र कौशिक सहित उद्योगपति, समाजसेवी एवं अन्य प्रबुद्धजन नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों,थाना व चौकी प्रभारियों की ली बैठक दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

### लंबित मामलों तथा शिकायतों का शीघ्र निपटान करें

सिरसा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिला के सभी थाना, चौकी प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कड़े निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी नशा तथा अन्य गैरकानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाए तथा आमजन का सहयोग लेकर अपराध एवं अपराधियों के साथ सख्ती से निपटे। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें तथा विभिन्न मामले में वांछित आरोपियों की धर पकड़ तेज करें। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने इस अवसर पर बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारियों से कहा कि ठंड व धुंध का समय देखते हुए वाहन चालकों को विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने की हिदायत दें ताकि किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों,थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा कर इस संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें तथा अपने-अपने इलाके में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बनाए रखें । उन्होंने कहा कि आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग ले तथा गैर कानूनी कार्य करने वाले लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाए। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि सभी पुलिस अधिकारी एवं जांच अधिकारी ई-साक्ष्य एप्प व ई-समनिंग के बारे मे पूरी तरह प्रशिक्षित रहे ।पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में ग्राम पंचायतों, आमजन,ग्राम प्रहरियों और सुरक्षा सहायकों की मदद लेकर और तेजी लाएं और आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनके सहयोग से तस्करों पर शिकंजा कसे तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई को मिटाने के लिए लोगों का सहयोग लें और उन्हें नशे के खिलाफ अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारियों से कहा कि मादक पदार्थों तस्करी में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि वे किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए ।

### मंत्री राव नरबीर सिंह ने बादशाहपुर में रैन बसेरे का किया उद्घाटन

# राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पर्याप्त संख्या में रैन बसेरे स्थापित किए गए : नरबीर

चंडीगढ़। ब्यूरो

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज गुरुग्राम के बादशाहपुर में दरबारीपुर रोड पर नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरे का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे संचालित हैं।



प्रतिबद्ध है कि भीषण शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में सोने तथा कड़ाके की ठंड सहने के लिए मजबूर न हो। इसके लिए रैन बसेरे तथा कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पर्याप्त संख्या में रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं तथा धर्मार्थ संगठन भी मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि संकट के समय जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना हम सबकी जिम्मेदारी है। राव ने यह भी कहा कि मौसम में लगातार हो रहे

लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी व बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान में गुरुग्राम शहर में रेलवे स्टेशन रोड, कादीपुर, भीम नगर, सोहना चौक, राजीव चौक, सामुदायिक केंद्र कन्हई के अलावा बादशाहपुर में दरबारीपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि खुले में सो रहे किसी भी आर्थिक रूप से वंचित व्यक्ति, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति या कामगार जैसे

## संपादकीय

# जीवन में हो संतुलन

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए। देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं। बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फिरोजपुर झिरका में जिला प्रमुख जान मोहम्मद की अध्यक्षता में किया इंडोर स्टेडियम का वर्चुअल उद्घाटन

## जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने रिबन काटकर खिलाड़ियों को सौंपा इनडोर स्टेडियम

**खिलाड़ियों को खेल का सामान दिलाने के लिए जान मोहम्मद ने की दस लाख रुपए देने की घोषणा**




(अनिल मोहनियां नूंह)
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में रविवार को जहां वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान ढाई सौ इंडोर स्टेडियमों का उद्घाटन किया, वहीं नूंह जिले के कॉमेडा गांव में भी 10 लाख 53 हजार रुपए की लागत से बने इनडोर स्टेडियम का जिला प्रमुख जान मोहम्मद की अध्यक्षता में उद्घाटन किया। इतना ही मेवात में जहां तावडू खंड में दो तो ,वही फिरोजपुर झिरका में एक इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन किया। जिससे मेवात के लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कमेड़ा गांव में इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन करते हुए युवाओं को कुश्ती के मेट के लिए 10 लाख रुपए अपनी ओर से देने की घोषणा की। जिससे गांव के लोगों और खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरे प्रदेश के साथ-साथ मेवात का भी समान विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में मेवात विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री सभी वर्ग और धर्म के लोगों को साथ लेकर सभी का समान विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेवात में जहां सड़कों की बात करें ,तो वही खेलों में भी मेवात को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने गांव के लोगों और खिलाड़ियों की भारी मांग पर 10 लाख रुपए कुश्ती के मेट के लिए देने की घोषणा की। जिससे खिलाड़ी और गांव के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला और लोगों ने कहा कि भाजपा सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करती है। इतना ही नहीं इस दौरान सभी ने उपस्थिति कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जिला प्रमुख जान मोहम्मद का आभार जताया। इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि प्रदेश में जहां 250 इंडोर स्टेडियमों का उद्घाटन किया गया है, वही नूंह जिला भी इससे अछूता नहीं रहा। नूंह जिले में भी मुख्यमंत्री ने तीन इनडोर स्टेडियम बनाने का काम किया है। जिसका कमेडा गांव में उन्होंने अपनी अध्यक्षता में रिबन काटकर उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी मेवात में ऐसे ही रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ मेवात जिला भी विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा।

# मेवात के 28 स्कूलों को अपग्रेड करने की मांग पहले चरण में 9 स्कूलों को कराया जा रहा अपग्रेड

**साल 2022 में मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन ने शुरू किया अभियान**

**राजूद्दीन ने कहा, अगले 10 साल तक नहीं पड़ेगी स्कूलों को अपग्रेड करने की आवश्यकता**




(अनिल मोहनियां नूंह)
नीति आयोग के सबसे पिछड़े जिले मेवात में स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए स्वयंसेवी संस्था मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाऊंडेशन घासस ने कमर कस ली है। प्रथम चरण में 9 स्कूलों को अपग्रेड कराया जा चुका है। बाकी 19 स्कूलों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया चल रही है। कुल मिलाकर साल 2022 में शुरू किए अभियान के अंतर्गत 28 स्कूलों को 2025 तक अपग्रेड करना है। उल्लेखनीय है कि मेवात हरियाणा का एकमात्र पिछड़ा जिला है जिस पर नीति आयोग भी गौर करता है। इस जिले में बेटियों का ड्रॉप आउट चिंता का विषय है जिसे ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवी संस्था मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन ने अभियान चलाया हुआ है। इन 28 स्कूलों में नगीना खंड के गांव गोहाना, कंसाली, रीठट, नाईनंगला-जलालपुर, झिमरावट-खानपुरघाटी के राजकीय कन्या और बाल माध्यमिक विद्यालय है। इसके अलावा नूंह खंड के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदेनी, आकेड़ा, सुड़ाका, बैंसी, सलंबा, रोजका मेव, रेहना, पल्ला शामिल हैं। तावडू खंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय खोरी कलां, शिकारपुर, सीलखो शामिल हैं। इसी प्रकार फिरोजपुर झिरका खंड के गांव हिरवाड़ी, बसईमेव, तिगांव, अखनाका, नावली, बाईखेड़ा शामिल हैं। पुनहाना खंड के जैतलका, तिरवाड़ा, खवाजली कलां शामिल हैं। साल 2022 में इन 28 स्कूलों को लड़कियों के ड्रॉप आउट को रोकने के लिए आठवीं से 12वीं तक अपग्रेड करने की रूपरेखा बनाई गई थी। मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजूद्दीन ने बताया कि प्रथम चरण में नीति आयोग के सबसे पिछड़े जिले मेवात के 15 स्कूलों को आठवीं से 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करना है। इनमें से 9 स्कूलों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जल्दी ही उनकी एसएनई स्कूलों तक पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि इनमें बसईमेव, हिरवाड़ी, चंदैनी, आकेड़ा, गोहाना, रीठट, कंसाली, खोरी कलां, शिकारपुर, जेतलका, सलंबा, सुड़ाका, तिगांव, अखनाका, नाईनंगला-जलालपुर को 12वीं तक अपग्रेड कराया गया है। इनमें से कुछ स्कूलों को दूसरे चरण में लिया जा रहा है। समाजसेवक राजूद्दीन ने बताया कि कुल मिलाकर 28 स्कूलों को 8वीं से 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करना है। इसके बाद अगले 10 साल तक जिले में स्कूलों को अपग्रेड करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# नेशनल हाईवे 152डी के रेस्ट एरिया में खड़े दो भारी वाहनों की टंकी का लॉक तोड़कर तेल चोरी

कनीना सुनील दीक्षित
नेशनल हाईवे 152डी के रेस्ट एरिया में खड़े वाहनों से अज्ञात चोर तेल चोरी कर ले गए सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है इस बारे में महेंद्र सिंह निवासी दोलादाता, थाना नसीराबाद, जिला अजमेर राजस्थान ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ट्राला चालक के पद पर नौकरी करता है 8 जनवरी को रात्रि के समय नेशनल हाईवे 152डी से जब वह करनाल से कोटपूतली जा रहा था तब खेड़ी में बने रेस्ट एरिया के समीप एक पेट्रोल पंप से ट्राले की टंकी तेल से फुल करवा कर रेस्टोरेंट की ओर खड़ा किया था जहां पहले से ही एक एलपीजी गैस टैंकर खड़ा हुआ था उनके ट्राले की तेल टैंक की 420 लीटर कैपेसिटी है 9 जनवरी को सुबह उठकर देखा तो ट्राला की टंकी का लॉक टूटा हुआ तथा तेल चोरी किया हुआ मिला गहराई से जांच करने पर ट्राला की टंकी से 370 लीटर तेल चोरी किया पाया गया इतना ही नहीं उनके पास खड़े टैंकर के तेल टैंक का ताला तोड़कर 340 लीटर तेल चोरी किया हुआ मिला टैंकर चालक कुलदीप सिंह निवासी सनोह, थाना नूरपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ने बताया कि तेल चोरों का सुराग लगाने के लिए वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिनमें दो व्यक्ति रात 1:30 बजे से 2:15 के बीच तेल चोरी कर 10 टायर वाले खुली बॉडी के ट्रक से फरार हो गए ट्रक के अंदर और भी व्यक्ति सवार होने की संभावना जताई गई है पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर छानबीन शुरू कर दी है इधर रेस्ट एरिया में खड़े वाहनों से तेल चोरी की घटना को लेकर वाहन चालक चिंतित है उन्होंने तेल चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है

# बिजली कर्मचारियों का धरना 11वें दिन भी जारी



कनीना सुनील दीक्षित
बिजली चोरी पर अंकुश लगाने लिए मोड़ी गांव में गई निगम की टीम पर हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों द्वारा शुरू किया गया धरना रविवार को 11वें दिन भी यथावत रहा बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी कनीना के कार्यालय के सामने बिजली कर्मचारियों द्वारा 2 जनवरी से धरना प्रदर्शन शुरू कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। रविवार को आयोजित धरने की अध्यक्षता राजेंद्र कपूरी ने की उन्होंने कहा कि बीती 16 दिसंबर को निगम कर्मियों की टीम कनीना खंड के गांव मोडी स्थित टोलवा की ढाणी में छापा मारने गई थी। छापेमारी के दौरान उन्होंने रिहायशी क्षेत्र में बिजली चोरी संबंधी जांच शुरू की तो ग्रामीणो ने लाठी-डंडो से हमला बोल दिया। जिसमें वे घायल हो गए। देवानंद ने बताया कि पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ उमेश वर्मा की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर एक आरोपी को काबू कर लिया, अन्य को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी आक्रोस जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर आनंद सिंह, राकेश, संदीप, राजेंद्र, हवासिंह, अजीत, संजय, शिशपाल, लोकेश, मनोज सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित थे।

# बागवानी योजनाओं का लाभ उठाएं किसान: उपायुक्त

**मशरूम कंपोस्ट व प्रोडक्शन यूनिट लगाने सहित बागवानी से जुड़ी विभिन्न योजनाओं अनुदान का प्रावधान**




अनिल मोहनियां नूंह
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में किसानों को मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ नेट हॉउस व पोली हाउस लगाने के लिए सामान्य जाति के किसानों को 50 प्रतिशत और एससी वर्ग के किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है। किसान 4 हजार स्क्वेयर मीटर तक का पोली हाउस/ नेट हाउस लगा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नही होता। जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। जिला बागवानी अधिकारी डॉ दीन मोहम्मद ने किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि की जानकारी देते हुए बताया कि उद्यान विभाग द्वारा विभागीय स्कीम के तहत जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें 40 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी। डॉ दीन मोहम्मद ने बताया कि 20 एचपी तक कि क्षमता के एक ट्रैक्टर पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। वहीं जिला में पैक हाउस व प्याज भंडारण कक्ष के लिए 50 प्रतिशत तक व पावर टिलर एवं बिडर पर 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर hortnet.gov.inपर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि विभागीय गाइडलाइंस अनुसार ही दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस पर जिला उद्यान अधिकारी एवं उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 62 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

कनीना सुनील दीक्षित
रविवार को सेवा भारती, शाखा कनीना द्वारा आयोजित 82वें हृदय एवं नेत्र व सामान्य रोग जांच एवं परामर्श शिविर में 62 लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया शिविर का शुभारंभ शाखा प्रधान सुरेश शर्मा द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि बीमार व्यक्ति की सेवा करना परोपकारी कर्तव्य है उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है लाला शिवलाल धर्मशाला में सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक होने वाले इस शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अश्वनी यादव हृदय रोग नेत्र विशेषज्ञ डॉ नरेंद्र यादव, डॉ हिमांशी अग्रवाल, डॉ प्रेम सागर व उनकी टीम ने शिविर में आए मरीजों की जांच कर दवा वितरित कीं इसके अलावा बीपी,शुगर व ईसीजी की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर योगेश अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, शिवकुमार अग्रवाल, दिनेश कुमार, अमित कुमार, मनोज,राजपाल उपस्थित थे

# नूंह में 8 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

अनिल मोहनियां नूंह
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार 8 मार्च को नूंह स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नेहा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# काम के दम पर अपनी अलग पहचान बना रहे सेमी नायब सैनी अब दिल्ली में कराएंगे भाजपा की वापसी

चंडीगढ़ : अपने काम के दम पर और जनता से लगाम के चलते खुद को अलग पहचान बनाते जा रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाने में कामयाब रहने के बाद अब दिल्ली की सत्ता में भी भारतीय जनता पार्टी की वापसी कराने में जुटे हैं। इसे लेकर वह केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के अलावा पार्टी के कई अन्य दिग्गज नेताओं के साथ लगातार मीटिंग कर रणनीति तैयार कर रहे हैं। साथ ही हरियाणा के मंत्री, विधायक, सांसद व पार्टी के अन्य नेताओं के साथ मीटिंग कर उन्हें अपनी चुनाणी रणनीति से अवगत कराते हुए दिल्ली में इस बार कमल खिलाने की तैयारी में जुटे हैं। अपने निवास के दरवाजे प्रदेश की जनता के लिए 24 घंटे खोलने के अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने दौरे के दौरान कहीं पर भी काफिला रुकवाकर जनता से मुलाकात करते हैं। इस दौरान वह जनता की समस्याएं और परेशानियों को खुद सुनकर अधिकारियों से उसका निदान करवाते हैं। इसी कड़ी में सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्त और जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की।उन्होंने कहा कि जनता मालिक है शासन व प्रशासन इस बात को ध्यान में रखकर परिवारजनों से जुड़े कार्यों में अधिकारी तीव्रता दिखाएं और समयबद्ध तरीके से परिवारजनों से जुड़े कार्य पूरा करें। सेवा,सुरक्षा,सहयोग के भाव के साथ अधिकारी जनसंपर्क बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा जनता से संवाद करें। उन्होंने आगे कहा कि कार्यालय के अतिरिक्त कैंप ऑफिस और रात्रि ठहराव के दौरान जनता से मिलें। और उनके कार्य पूरा करें. पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इसके साथ ही जनता को योजनाओं से संबंधित आ रही समस्याओं का तुरंत



निवारण करें। जनता की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के कार्य में जुटे नायब सिंह सैनी ने अब इसे लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार की ओर से आदेश जारी किए गए हैं कि हरियाणा में जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए अब हर जिले के डीसी और एसपी हर सप्ताह समन्वय बैठक करेंगे। इसके अलावा सभी डीसी और एसपी महीने में एक दिन गांव में रात्रि ठहराव कर ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। साथ ही उन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना होगा। इसके अलावा गांव वासियों की शिकायत और समस्याओं के आधार पर ही वहा के विकास की रुपरेखा बनाई जाएगी। सभी डीसी और एसपी गांव में अपने रात्रि ठहराव को मासिक रिपोर्ट भी मुख्य सचिव कार्यालय को भेजेंगे। प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने की मुहिम में जुटे नायब सिंह सैनी रोजाना रात में सोने से पहले प्रदेश के डीसी और एसपी को फोन कर खुद वहां की विस्तृत रिपोर्ट लेते हैं। इसके बाद वह संबंधित अधिकारी को अपने दिशा निर्देश जारी करते हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्रियों में चौधरी भजनलाल और बंसीलाल हो या फिर चाहे ओम प्रकाश चौटाला का शासन हो। इनके राज में भी अधिकारियों को एक दिन रात के समय गांवों में रुकने के आदेश जारी किए गए थे। इतना ही नहीं यह सभी मुख्यमंत्री भी अपने-अपने हिसाब से रोजाना रात में प्रदेश के अधिकारियों से फोन पर बात कर उस क्षेत्र की स्थिति और विकास कार्यों की समीक्षा भी करते थे।अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसी कदम पर आगे बढ़ रहे हैं। जनता के बीच सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के मकसद से नायब सैनी ने जहां अधिकारियों को महीने में एक दिन रात के समय गांव में रुकने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं, गांवों के विकास की रुपरेखा भी वहां के लोगों से बातचीत कर बनाने को भी कहा है।

ऐसे करके जहां मुख्यमंत्री के रूप में नायब सैनी कहीं ना कहीं पूर्व मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक रूप से पछाड़ने का कार्य कर रहे हैं।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार अभियान का किया गया शुभारंभ

अनिल मोहनियां नूंह
आयु विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ यशवीर गहलावत के मार्गदर्शन में शहीद हसन खां मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहर और छपेडा कि व्यायामशाला पर नीरज रानी व राजेश कुमार आयुष योग सहायक द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। नीरज रानी आयुष योग सहायक द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहर में सूर्य नमस्कार कराया और इसके लाभों के बारे में बताया और राजेश कुमार योग सहायक द्वारा छपेरा स्थित व्यायाम शाला सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा यशवीर सिंह गहलावत द्वारा बताया गया कि यह सूर्य नमस्कार अभियान महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती 12 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत आयु विभाग में कार्यरत योग विशेषज्ञ, योग सहायकों व योग प्रशिक्षुक द्वारा अलग-अलग स्थान पर सूर्य नमस्कार कराया जाएगा और इसके लाभों के बारे में बताया जाएगा। सूर्य नमस्कार का ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए www.suryanamaskarharyana.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# मुद्रास्फीति के आंकड़े, कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी**

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे आने वाले हैं। इसके अलावा निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी। बीते सप्ताह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई थी। बाजार के विश्लेषकों के मुतो बिक भारतीय शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। निवेशक बड़ी कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी एएमसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। स्थानीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच संघर्ष जारी है। बाजार के एक अन्य विश्लेषक ने कहा कि सोमवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे, जो बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में तेज गिरावट कई कारणों से आई है। इसमें विदेशी कोषों की निकासी, कंपनियों के तीसरी तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजे, डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ना जैसे कारक शामिल हैं।

# इस सप्ताह 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे

**- मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल**

**नई दिल्ली ।**

आगामी हफ्ते शेयर बाजार में एक महामेला की तैयारी है, जिसमें अनेक बड़ी कंपनियों के आईपीओ और लिस्टिंग की घोषणा की गई है। 13 से 17 जनवरी के बीच 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे, जिनमें मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल हैं। इसके साथ ही 8 कंपनियों के शेयरों की भी लिस्टिंग होगी। मेनबोर्ड पर आ रहे हैं क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड, स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड और स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड। एकमात्र मेनबोर्ड आईपीओ, लक्ष्मी डेंटल आईपीओ के साथ एसएमई सेगमेंट में भी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ होगा। इनके अलावा रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड और लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड भी आईपीओ शुरू कर रहे हैं। इस उत्सव में इंडोबेल इंसुलेशन, एवैक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स, बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प और सत करतार शॉपिंग भी शामिल हैं। आगामी सप्ताह शेयर बाजार में महामेला का आनंद उठाएं और निवेश करने के लिए तैयार रहें। यह महामेला नए निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत कर सकता है। इस पूरे महीने आईपीओ की सतर्कता बनी रहेगी और निवेशकों को सूचित रहने की




आवश्यकता है। हर कंपनी की विशेषता, इश्यू के विवरण और मार्केट डायनामिक्स पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि स्मार्ट निवेश कर सकें। इस तरह के मौके बिना सही जानकारी के इस्तेमाल करने से नुकसान की संभावना हो सकती है।

# सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगाएगा

**- सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए करेगा कुछ उपाय**




**मुंबई ।**

पूंजी बाजार नियामक सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सेबी कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगा जो डेरिवेटिव बाजार में कारोबार को नियंत्रित करे। उन्होंने बताया कि सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए कुछ उपायों पर विचार कर रहा है, परन्तु डेरिवेटिव खंड में कोई प्रतिबंध नहीं लगाने का इरादा है। उन्होंने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नियंत्रित एनआईएसएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी दर्शकों के लिए उपयुक्तता और अनुकूलता को ध्यान में रख रही है और नकद बाजार और डेरिवेटिव बाजार के बीच संबंध को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। इस बयान के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सेबी किसी तरह के डेरिवेटिव खंड में गतिविधि को रोकने की स्थिति में नहीं है और उसे बरकरार रखने का निश्चित करेगी।

उन्होंने उन सभी का समर्थन किया जिन्होंने सेबी के विचारों की प्रशंसा की है और सहमति जताई है कि डेरिवेटिव बाजार में कोई प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी स्पष्ट किया कि डेरिवेटिव को लेकर किसी भी बदलाव को सावधानी से देखा जाएगा और उसे सभी पक्षों के सुझाव को ध्यान में रखकर ही लागू किया जाएगा।

सेबी के इस प्रकार के निर्णय से बाजार के साथी उत्थान और विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत मिला है। इस सावधानीबद्ध कदम के साथ सेबी ने स्वतंत्र कारोबार को बढ़ावा देने का संकेत दिया है और बाजार में निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है।

# स्टॉक में आई गिरावट, महंगा हो जाएगा गेहूं

**चावल का भंडार रिकॉर्ड स्तर के पार**



**नई दिल्ली ।**

भारत में चावल के बढ़ते भंडार ने जनवरी माह में सबसे ऊंचा स्तर छू लिया है जो देश के निर्यात की गति को तेज करने के लिए एक अवसर प्रदान कर सकता है। चावल के सरकारी भंडार में पहुंची मात्रा सरकार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, लेकिन इस समय गेहूं की कमी के चलते बाजार में चिंता की स्थिति है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अनुसार चावल के कुल स्टॉक जनवरी तक 60.9 मिलियन टन पहुंच गया है, जबकि निर्धारित लक्ष्य 7.6 मिलियन टन है। इस बढ़ते भंडार के साथ चावल के निर्यात में भी वृद्धि दर्शाई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि चावल की इतनी बड़ी मात्रा का भंडार एक चुनौती पैदा कर सकता है, जबकि गेहूं की सीमित उपलब्धता बाजार में चिंता फैला रही है। गेहूं के स्टॉक 1 जनवरी तक 18.4 मिलियन टन था, जो कि सरकार के लक्ष्य से अधिक है, लेकिन पिछले साल की औसत से काफी कम है। सरकार की ओर से मार्च 2025 तक 2.5 मिलियन टन गेहूं की बेचने की योजना बनाई गई है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। इसके चलते बाजार में गेहूं की कमी महसूस हो रही है। काकीनाड़ा के एक चावल निर्यातक ने बताया कि धान की खरीदारी जारी रहने से भंडारण की समस्या और गंभीर हो सकती है और सरकार को इन चुनौतियों का सामना करना होगा। चावल के भंडार और गेहूं की कमी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती सामने खड़ी है। इस असंतुलन को देखते हुए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे ताकि गेहूं की पुनः उपलब्धता में सुधार हो सके और बाजार को स्थिरता मिले।

# सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ाः जीजेईपीसी

**- हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट**

**कोलकाता ।**

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसमें अमेरिका को हीरे के निर्यात में सुधार की उम्मीद जताई गई है। चीन की सुस्त मांग की वजह से हीरे के निर्यात में चिंता बनी हुई है, लेकिन अमेरिका में त्योहार के दौरान मांग में वृद्धि की संकेत मिल रही है। जीजेईपीसी के अधिकारियों ने इस संदर्भ में उम्मीद जताते हुए कहा कि उनका मानना है कि अब बुरा समय` निकल गया है और आगामी वर्षों में मद्देनजर 10-15 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। इसके साथ ही जीजेईपीसी ने वैश्विक जेनेरिक प्रोत्साहन पर भी 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है। आभूषण उद्योग के विकास और अमेरिका की मांग में सुधार की



उम्मीद को ध्यान में रखते हुए जीजेईपीसी ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर को एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना बताई है। यह योजना स्थानीय कारीगरी विरासत को बढ़ाने और कई रोजगार के अवसर प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। सिंगूर के विकास में हुगली जिले के सुव्यवे स्थित स्थान का भी अहम योगदान है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-2 और कोलकाता हवाई अड्डे के निकट है। इस विकास योजना से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलने की उम्मीद है और स्थानीय उद्योगों को भी बढ़ावा प्राप्त होगा।

# डी-मार्ट का दिसंबर तिमाही में मुनाफा बढ़कर 723.5 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली ।** खुदरा स्टोर श्रंखला डी-मार्ट को संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्केट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 4.8 प्रतिशत बढ़कर 723.54 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 690.41 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 17.68 प्रतिशत बढ़कर 15,972.55 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,572.47 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि तीसरी तिमाही में मुनाफा मार्जिन 4.5 प्रतिशत रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.1 प्रतिशत था। कंपनी का कुल खर्च अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 18.52 प्रतिशत बढ़कर 15,001.64 करोड़ रुपये रहा। एवेन्यू सुपरमार्ट्स की कुल आमदनी समीक्षाधीन अवधि में 17.57 प्रतिशत बढ़कर 15,996.69 करोड़ रुपये हो गई।




# एफपीआई ने जनवरी में अब तक शेयर बाजार से 22,194 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयर बाजारों से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी की है। यह निकासी दिसंबर माह के 15,446 करोड़ रुपये के निवेश के बाद आई है। विदेशी निवेशकों का एफपीआई बिकवाली के पीछे कुछ कारकों का इसमें जिम्मेदार माना जा रहा है। कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने, डॉलर में मजबूती, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध तेज होने और साथ ही भारतीय बाजारों में असमंजस के कारण इस बिकवाली का मुख्य कारण भी माना जा रहा है। भारतीय रुपये के निचले स्तर अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण भी विदेशी निवेशकों ने अपना निवेश घटाया है। अनुसंचारित आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 22,194 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी, 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल और अन्य कारकों के कारण निवेशक उभरते बाजारों से निकासी कर रहे हैं। बीते साल उन्होंने भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं 2023 में उन्होंने 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

# आगामी बजट में बायोगैस उत्पादन पर कॉरपोरेट कर की छूट चाहता है आईबीए

**- निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा।**




**नई दिल्ली ।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने वित्त मंत्रालय से आगामी बजट में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन के लिए पूरी तरह कॉरपोरेट कर की छूट देने की मांग की है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा। आईबीए ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखकर इस मांग को मुख्य किया है। उद्योग निकाय ने कहा है कि सीबीजी उत्पादकों को पूर्ण कर राहत दी जानी चाहिए। आईबीए के अनुसार देश में कुल 100 सीबीजी संयंत्र चालू हैं और कुल सीबीजी की बिक्री लगभग 1,200 करोड़ रुपये तक पहुंची है। इसके बाद भी कर माफ करने के बाद सरकार को करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इस मामले में कर छूट से सीबीजी उत्पादकों को अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेचने में मदद मिलेगी। आईबीए ने बताया कि इस कदम से भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल कर सकेगा और निजी निवेश प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। इसके अलावा, बायोगैस के उत्पादन में कृषि अवशेषों का उपयोग बढ़ाएगा और प्रदूषण कम करने में मदद करेगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई है। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,844.2 अंक नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 573.25 अंक के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और शीर्ष 10 की सूची में हाल में शामिल हुई एचसीएल टेक्नोलॉजीज की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 70,479.23 करोड़ रुपये घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 46,481 करोड़ रुपये घटकर 5,56,583.44 करोड़ रुपये, एसबीआई की बाजार हैसियत 44,935.46 करोड़ रुपये घटकर 6,63,233.14 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,179.13 करोड़ रुपये घटकर 16,81,194.35 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 11,877.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,81,501.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के` विपरीत टीसीएस की बाजार हैसियत 60,168.79 करोड़ रुपये बढ़कर 15,43,313.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी का शेयर छह प्रतिशत चढ़ गया।एचसीएल टेक का बाजार मूल्यांकन 13,120.58 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,539.01 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 11,792.44 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,16,626.78 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,999.41



करोड़ रुपये बढ़कर 9,19,933.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 8,564.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,758.44 करोड़ रुपये रही।सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचसीएल टेक का स्थान रहा।

# ओपीजी मोबिलिटी की 400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

**जुटाये गए धन का उपयोग कंपनी पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए करेगी**

**नई दिल्ली ।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के साथ ईवी विनिर्माता ओपीजी मोबिलिटी ने अपनी वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए अगले 18 से 24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि यह धन उनके पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उपयोग किया जाएगा। ओपीजी मोबिलिटी की तरफ से एक बड़ा कदम उठाते हुए अे धिकारी ने बताया कि कंपनी फेराटो ब्रांड के तहत दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर और एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी का तिपहिया कारोबार ओटीटीओपीजी ब्रांड के तहत रहेगा। इस साल ओपीजी मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक यात्री खंड में उतरने का निर्णय लिया है और कंपनी देशभर में अपने बिक्री और सेवा नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने बताया कि ये निवेशकों के लिए कोई जोखिम नहीं होगा। पूंजी जुटाने को लेकर अे धिकारी ने कहा कि कंपनी 18-24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रख रही है। निवेशकों को एक मजबूत उत्पाद वितरण और सेवा नेटवर्क देना है। हमारा लक्ष्य निजी इक्विटी प्राप्त करना है, चाहे वह रणनीतिक निवेशक हो या गैर-रणनीतिक निवेशक। फिर हम आगे बढ़ेंगे और दीर्घावधि में सफल होंगे।

# शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन की कीमतें सुधार के साथ बंद

**- सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है**

**नई दिल्ली ।**

शिकागो एक्सचेंज की मजबूती ने बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहनों के दामों में सुधार की ओर बढ़ावा किया। इस दौरान मूंगफली तेल को छोड़कर सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन, मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों के मुताबिक सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है। सरसों का जो स्टॉक है, वह सहकारी संस्थाओं के पास है जो इसकी बिकवाली में संतुलन बनाए रख रहे हैं। सोयाबीन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दामों में भी सुधार दिखाई दिया। मूंगफली खल के भाव मामूली सुधार के साथ बंद हुए, जबकि मूंगफली तेल के दाम पर निर्यात की कमजोर मांग के कारण कोई विशेष बदलाव नहीं आया। विदेशों में पाम और पामोलीन की कीमतों में गिरावट होने के बावजूद, तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला। कपास की सीड के दामों में भी थोड़ी ऊलटाव दिखाई दी, जिसे बीते हफ्ते सीसीआई ने बिनौला सीड की बिक्री रोककर दिखाया।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये सुधार के साथ 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,340-2,440 रुपये और 2,340-2,465 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 35-35 रुपये की बढ़त के साथ क्रमशः 4,335-4,385 रुपये और 4,035-4,135 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 650 रुपये, 400 रुपये और 650 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 13,750 रुपये, 13,350 रुपये और 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार आया। मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ 5,825-6,150 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 14,000 रुपये और 2,125-2,425 रुपये प्रति टिन पर अपरिवर्तित बंद हुए। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये सुधरकर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 14,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये की तेजी के साथ 13,300 रुपये प्रति

# नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारत में मर्सिडीज-बेंज ने नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 को लॉन्च किया है। यह कंपनी की लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों के सेगमेंट में एक नई दिशा को चिह्नित करती है। इस अत्याधुनिक एसयूवी की एक्स-शोरूम कीमत 3 करोड़ रुपये है। इस वाहन में 116 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जो चार इलेक्ट्रिक मोटरों से जुड़ी हुई है और यह 587 पीएस की पावर और 1,164 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करती है। इस दमदार पावर के साथ, ईक्यूजी 580 महज 4.7 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की गति पकड़ सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी बैटरी फुल चार्ज होने पर 473 किमी तक की रेंज प्रदान करती है, जिससे यह लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाती है। इसके अलावा, इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को 32 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है, जो इसके फास्ट-चार्जिंग क्षमता को दर्शाता है। ईक्यूजी 580 में प्रीमियम सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है। भारत में इसे पेश किया गया है और इसे 2025 में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में भी दिखाया जाएगा। यह मर्सिडीज-बेंज के इलेक्ट्रिक वाहनों की नई दिशा और भारतीय बाजार में उनकी उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

# इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावितः आईएमएफ

**- चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए हो सकता है मुश्किल**

**मुंबई ।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया कि भले ही दुनियाभर में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहेगी, लेकिन 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी रहेगी, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति के चलते। जॉर्जीवा ने उम्मीद जताई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ी कमजोर रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत के अलावा चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए मुश्किल हो सकता है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और मैक्सिको पर शुल्क लगाने की योजना की घोषणा का माध्यम उचित नहीं माना, कारण रखते हुए कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को और अधिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है। जॉर्जीवा ने आगे कहा कि अमेरिका के नीतिगत कदम, खासकर शुल्क और कर वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं।



# 14वीं सदी के शासक की भूमिका निभाएंगे सुनील शेट्टी

फिल्म निर्माता कनु चौहान एक गुजराती योद्धा पर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को घुसपैठियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनकी फिल्म का नाम केसरी वीर है, जिसमें सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक ने इस फिल्म को बनाने को लेकर उत्साह जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि केसरी वीर की कहानी उनके दिल के बहुत करीब है। इस फिल्म में, सुनील कथित तौर पर 14वीं शताब्दी के शासक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसके लिए अभिनेता को घुड़सवारी और बहुत कुछ सीखना पड़ा। सुनील शेट्टी द्रोण के शासक राजा वेगडाजी भील की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनील शेट्टी केसरी वीर में एक अनूठा लुक अपनाएंगे। बताया गया कि सुनील को घुड़सवारी के अपने कौशल को निखारना पड़ा और उस समय के हथियार, जैसे स्वनिर्मित भाले, गोफन, कुल्हाड़ी, धनुष-बाण, चाकू और तलवारें सीखनी पड़ीं। उन्होंने तीरंदाजी भी सीखी, क्योंकि भील इसमें कुशल थे। साथ ही उन्होंने गुरिल्ला युद्ध भी सीखा। फिल्म में उनका लुक अनोखा है और वे पगड़ी, अंगरखा और धोती पहने हुए हैं व मूंछें रखे हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में कई एक्शन सीक्वेंस हैं, जिन्हें साउथ के एक्शन डायरेक्टर केविन कुमार ने डिजाइन किया है। वहीं कॉस्ट्यूम्स चंद्रकांत सोनवणे ने तैयार किए हैं। केसरी वीर में सूरज 16 वर्षीय वीर हमीरजी गोहिल का किरदार निभाएंगे, जिन्होंने दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति जफर खान के आक्रमण से मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। वीर वेगडाजी के साथ मिलकर मुगल बादशाह से 10 दिनों की लड़ाई लड़े थे।



# इस क्रिकेटर को गुपचुप डेट कर रही हैं राशा थडानी? क्यों उड़ रहीं हैं अफवाहें

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी आगामी फिल्म आजाद के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी फिल्म के सिनेमाघरों में आने से पहले ही, अभिनेत्री अपने रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर चर्चा में आ गई हैं। ऐसी खबरें हैं कि राशा इन दिनों एक भारतीय क्रिकेटर को डेट कर रही हैं। उनकी डेटिंग की अफवाहें तब से शुरू हुई जब टीम इंडिया के इस क्रिकेटर ने उन्हें सोशल मीडिया पर फॉलो किया और उनकी तस्वीरें लाइक की।

### इस क्रिकेटर के साथ जुड़ा राशा का नाम

अभिनेत्री राशा थडानी के साथ जिस क्रिकेटर का नाम जुड़ रहा है, वह हैं स्पिनर गौतम यादव हैं। खबरें यह भी हैं कि दोनों गुपचुप डेटिंग कर रहे हैं। ये सारी अफवाहें तब शुरू हुई जब गौतम ने इंस्टाग्राम पर राशा को फॉलो किया और उनके पोस्ट और तस्वीरों को लगातार लाइक किया। इस सोशल मीडिया एक्टिविटी ने नेटीजंस को हैरान कर दिया है और कयासों का बाजार गर्म होने लगा।

### अभिनेत्री ने नहीं की कोई पुष्टि

हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया है, जिससे ये अफवाहें प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गई हैं। फिल्म रिलीज से पहले, राशा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री को पढ़ाई और अभिनय दोनों करते हुए देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने बताया था कि आने वाले दस दिनों में उनके बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाले हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

वीडियो में जब राशा से पूछा गया कि क्या वह अपनी लाइनें लिखने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, पढ़ाई कर रही हूं। 10 दिन से भी कम समय में मेरी बोर्ड परीक्षा है। मेरा पहला पेपर ज्योग्राफी का है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि आजाद में राशा थडानी के अलावा अमान देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। बता दें कि इससे पहले राशा ने आजाद के ट्रेलर लॉन्च के समय अपना अनुभव साझा करते हुए कहा था, 'मैं तो शूटिंग के वक्त काफी घबराई हुई थी, आज भी घबरा रही हूं। लेकिन अजय सर से लेकर बाकी टीम मेंबर्स ने मेरी पूरी मदद की।' फिल्म 'आजाद' में राशा के किरदार और अमन देवगन के किरदार के बीच एक प्यारी लव स्टोरी भी दिखाई गई है।



# इमरजेंसी के लिए थिएटर चुनना एक गलती थी

कई विवादों के कारण फिल्म की रिलीज में देरी झेलने के बाद कंगना रनौत की निर्देशन में बनी फिल्म इमरजेंसी आखिरकार अब सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। प्रशंसक एक बार फिर कंगना को स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, कंगना अब फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज के एक गलती बता रही हैं और उनका मानना है कि ओटीटी पर उन्हें एक बेहतर डील मिल सकती थी। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है।

### ओटीटी पर बेहतर डील मिल सकती थी

हाल ही में, एक साक्षात्कार में कंगना से फिल्म की रिलीज में देरी को लेकर पूछा गया। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं डरी हुई थी। मुझे लगा कि इसे सिनेमाघरों में रिलीज करना गलत फैसला था। मुझे लगा कि मुझे ओटीटी पर बेहतर डील मिल सकती थी। मुझे तब सेंसरशिप से भी नहीं गुजरना पड़ता और मेरी फिल्म को इतने विवादों से होकर नहीं गुजरना पड़ता। मुझे नहीं पता था कि सेंसर बोर्ड क्या-क्या हटा देंगे और हमें रखने देंगे।

### अभिनेत्री ने की हैं ये गलतियां

अभिनेत्री ने आगे यह भी बताया कि उन्हें किन चीजों को लेकर पछतावा है। कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्म को बनाने में मैंने कई गलतियां की हैं। सबसे पहली गलती थी फिल्म का निर्देशन करना। मैंने इस चीज को अपने लिए अच्छा समझा कि अब हमारे पास कांग्रेस की सरकार नहीं है तो फिल्म को लेकर कोई दिक्कत नहीं आएगी। आज तक किसी ने वह फिल्म नहीं देखी है और उस समय, उन्होंने सभी प्रिंट जला दिए थे। इसके अलावा, किसी ने श्रीमती गांधी के बारे में फिल्म नहीं बनाई।

### इस बात का अभिनेत्री को है पछतावा

अभिनेत्री ने आगे यह भी बताया कि उन्हें किन चीजों को लेकर पछतावा है। कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्म को बनाने में मैंने कई गलतियां की हैं। सबसे पहली गलती थी फिल्म का निर्देशन करना। मैंने इस चीज को अपने लिए अच्छा समझा कि अब हमारे पास कांग्रेस की सरकार नहीं है तो फिल्म को लेकर कोई दिक्कत नहीं आएगी। आज तक किसी ने वह फिल्म नहीं देखी है और उस समय, उन्होंने सभी प्रिंट जला दिए थे। इसके अलावा, किसी ने श्रीमती गांधी के बारे में फिल्म नहीं बनाई। बता दें कि कंगना रनौत, अनुपम खेर , श्रेयस तलपदे, अशोक छाबड़ा, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, विशाक नायर और सतीश कौशिक की मुख्य भूमिकाओं वाली इमरजेंसी 17 जनवरी को स्क्रीन पर आएगी।

# फेंचाईजी के चलन पर बोले बॉबी देओल



एवेंजर्स का असर अब बॉलीवुड पर भी छा गया है। एक-दूसरे से जुड़ी फेंचाईजी फिल्में बॉलीवुड में बन रही हैं। रोहित शेट्टी ने अपनी अलग कॉप यूनिवर्स बना डाली है तो यश राज फिल्म्स ने स्पाई यूनिवर्स। वहीं, दिनेश विजन ने हॉरर यूनिवर्स ही रच दिया है। बॉलीवुड में फेंचाइजी के इस चलन पर हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल अपनी प्रतिक्रिया देते दिखे। बॉबी देओल से जब उस उभरते ट्रेंड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दर्शकों को सिनेमा का दिलचस्प अनुभव देने के लिए इंडस्ट्री में तरीके खोजे जा रहे हैं। इसकी शुरुआत हो चुकी है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सफलता से प्रेरित होकर बॉलीवुड में इंटरकनेक्टेड यूनिवर्स और फेंचाइजी के बढ़ते चलन बॉबी देओल ने कहा, मुझे लगता है कि इंडस्ट्री दर्शकों के लिए चीजों को दिलचस्प बनाने के तरीके खोजने की कोशिश कर रही है। इसलिए, चीजें सही होने लगी हैं। वे इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

### इस वजह से निर्माताओं ने अपनाया हाथ

बॉबी देओल का कहना है कि यह एक नई तरह का फ्लेवर है, जिसे इंडस्ट्री ने अपनाया है और यह अब पूरे भारत में हो रहा है। अगर देखा जाए तो दर्शकों के बीच भी इसका उत्साह है और यही वजह है कि फिल्म निर्माताओं ने इसमें हाथ आजमाया है। बता दें कि रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की फिल्मों में सिंघम, सिम्बा और सूर्यवंशी शामिल हैं, जो एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। यश राज फिल्म्स भी स्पाई यूनिवर्स तैयार कर रहा है। इसमें टाइगर फेंचाईजी, वॉर और पठान के किरदार साथ लाने की तैयारी है। वहीं, दिनेश विजन के हॉरर यूनिवर्स में, स्त्री, रूही, भेड़िया और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। साउथ में भी यह चलन बन गया है। हनुमान जैसी फिल्म का निर्देशन करने वाले प्रशांत वर्मा अलग सुपरहीरो यूनिवर्स बनाने का एलान कर चुके हैं।

# चार साल बाद कमबैक कर खुश हैं दीपिका

चार साल के अंतराल के बाद दीपिका कक्कड़ सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के साथ टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। चार साल के अपने कमबैक पर दीपिका काफी खुश हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में कहा कि कुकिंग मेरे बचपन का पैशन रहा है। अभिनेत्री ने बताया कि वह इस शो में आकर अपने बचपन के सपने को पूरी खुशी के साथ पूरा कर रही हैं। दीपिका ने यह भी कहा कि कुकिंग शो के प्रोमो वायरल होने के बाद उन्हें फैंस का खूब प्यार मिल रहा था। दीपिका का मानना है कि इससे अच्छा कमबैक उनका नहीं हो सकता था।





# मैं खुद को साधारण एक्टर मानता हूं, कोई तीसमार खां नहीं

बॉलिवुड में हर रंग की भूमिका अदा कर चुके अभिनेता श्रेयस तलपड़े थिएटर और मराठी फिल्मों की पृष्ठभूमि लेकर आते हैं। अपनी दमदार आवाज से पुष्पा वन ही नहीं बल्कि पुष्पा 2 के साथ-साथ टमुफासान्द लायन किंग से भी दर्शकों का दिल जीतने वाले श्रेयस का मानना है कि निर्देशकों और किरदारों के मामले में वे भाग्यशाली रहे हैं। जल्द ही वो इमरजेंसी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में दिखेंगे।

**आप एक समर्थ एक्टर हैं, मगर आपको लगता है कि आपकी प्रतिभा का अब तक पूरा-पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ है?**

अगर दर्शकों को या मेरे चाहने वालों को ऐसा लगता है, तो ये अच्छी बात है। एक एक्टर के लिए तो ये सुखद पहलू है, अगर लोगों को लगता है कि उसका निचोड़ आना अभी बाकी है। मुझ जैसा अभिनेता हमेशा अपने क्राफ्ट को संवारने में यकीन करता है। व्यक्तिगत तौर पर मुझे लगता है कि मैं बहुत बड़ा तीसमार खां नहीं हूं। मैं पूरी ईमानदारी से निर्देशक के विजन का पालन करता हूं, मगर आज के दौर के कई अभिनेता अपने क्राफ्ट पर उतनी मेहनत नहीं करते। जैसे हम खास तौर थिएटर में होमवर्क में आवाज, पोश्चर, अंदाज और लुक पर मेहनत करते थे, आज मुझे उसकी कमी नजर आती है। आज कल जो कहते हैं न, अंडर प्ले करो उसका मतलब कोई नहीं जानता। उन्हें ऐसा लगता है, कम आवाज में बिना मुंह खोले बोलेंगे, तो अंडर प्ले होगा, जो सबसे बड़ी बकवास है। मुझे लगता है कलाकार होने के नाते हमें अपने क्राफ्ट पर काम करते जाना है।

**सालों पहले आप ओम शांति ओम में शाहरुख खान के साथ नजर आए थे और हाल हाल ही में आपने मुफासान्द लायन किंग में टिमोन के किरदार को आवाज दी, जिसमें शाहरुख, आर्यन और अबराम की भी आवाजें थीं?**

बहुत मजा आया। क्योंकि ये सारे आइकॉनिक किरदार हैं। 25 -30 सालोंसे हम इन चरित्रों को देखते सुनते आए हैं। उन किरदारों को हिस्सा बनना बहुत बड़ी बात रही। वाकई शाहरुख खान के साथ एक बड़ी लंबी असोसिएशन रही है और खुशी की बात है कि इस यात्रा में अबराम भी जुड़े, मगर इतना जरूर कहना चाहूंगा कि शाहरुख जितने बड़े कलाकार हैं, उतने ही कमाल के इंसान भी। हमारी ज्यादा मुलाकातें नहीं होतीं, मगर आज भी हम जब मिलते हैं, ओम और पप्पू (ओम शांति ओम के किरदार) की तरह मिलते हैं। मुझसे ज्यादा उन्होंने रिश्तों को मेंटेन किया है। जिन -जिन लोगों के साथ उन्होंने काम किया है, उन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है।

**पुष्पा के बाद पुष्पा 2 में भी आप अल्लू अर्जुन की आवाज बन कर छा गए।**

मैं इसका पूरा श्रेय नहीं ले सकता। ये तो टीम वर्क था, जिसमें एक्टर-डायरेक्टर और पूरे क्रू ने मेहनत की। हां, मेरी कोशिश यही थी कि मैं पुष्पा याने अल्लू अर्जुन की आवाज बनूं। ये लोगों तक पहुंची। मुझे बहुत प्यार मिला इस फिल्म से। और बेहद खुशी है कि पुष्पा 2 में ही मेरी आवाज को सराहा गया। लायन किंग में मेरी डबिंग के बाद ही मुझे पुष्पा की आवाज बनने का मौका मिला।

**आप इमरजेंसी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। आपसे पहले पंकज त्रिपाठी ने भी इसे अदा किया।**

मैंने पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं नहीं देखी। मैं वो फिल्म देख कर उनसे इंफ्लुएंस नहीं होना चाहता था। मेरे जहन में एक चीज थी कि मेरी निर्देशक (कंगना रनौत) के मन में इस कहानी को लेकर एक कन्विक्शन थी और मैं उसी के अनुसार इस किरदार को निभाना चाहता था। मुझे डर था कि मैं कहीं उस किरदार को कैरिकेचरिस्ट न कर दूं, क्योंकि हमारी जनरेशन ने उन्हें काफी देखा है, उनको मिमिक किया है, तो कोई भी अगर अटल जी को निभा रहा है, तो उसका कैरिकेचरिस्ट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मेरे साथ एक अच्छी बात ये भी थी कि हम जो दौर दिखा रहे हैं, वो उनकी यंग ऐज है, तो मैंने उसी दौर के हिसाब से किरदार को बुना।

**आपने सालों पहले ओम शांति ओम में फराह खान जैसी महिला निर्देशक के साथ काम किया था और अब आप डायरेक्टर के रूप में कंगना रनौत के संग आए, दोनों निर्देशकों में आपने क्या अंतर पाया?**

मेरे हिसाब से निर्देशक, निर्देशक होता है। उसका औरत या मर्द होने से कोई ताल्लुक नहीं होता। आप सेट पर पहले ही दिन तय कर लेते हैं कि इस निर्देशक की सुननी है या नहीं। आपको पता चल जाता है कि ये निर्देशक कितनी तैयारी के साथ आया है। फराह खान की स्टोरी टेलिंग और फिल्म मेकिंग का अंदाज अलग है, मगर वे सेट पर पूरी तैयारी के साथ आती हैं। ठीक उसी तरह कंगना मैम भी सेट पर अपनी तैयारी के साथ चाक चौबंद होकर आती थीं। सेट पर अटल जी को लेकर मुझसे ज्यादा प्रेपरेशन उन्होंने किया था। निर्देशक महिला हो या पुरुष, उसकी तैयारी परिपूर्ण होनी चाहिए।